# युवाओं में प्रतिभा और ऊर्जा की कोई कमी नहीं : डॉ .राजेश

## सेवा संकल्प अभियान के तहत नमो युवा शक्ति कार्यक्रम का उत्साह पूर्वक हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सीधी,17 सितम्बर। युवाओं में प्रतिभा और ऊर्जा की कोई कमी नही है। आवश्यकता इस बात की है कि उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर मिलें। यह बातें आज सेवा संकल्प अभियान के तहत नमो युवा शक्ति कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कही।**

सांसद डॉ.मिश्रा ने कहा कि खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं और उनके परिवारों के युवाओं की सहभागिता सामुदायिक सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक पहल है। विधायक रीती पाठक ने कहा कि स्व-सहायता समूहों की महिलाएं आज आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही हैं। उनके परिवार के युवाओं को भी ऐसे मंच उपलब्ध कराना आवश्यक है जहां वे अपनी प्रतिभा और क्षमता को पहचान सकें।

उन्होंने कहा कि नमो युवा शक्ति जैसे आयोजन महिलाओं और युवाओं को एक साथ जोड़ते हुए उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व और टीम भावना को मजबूत करते हैं। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर 2026 को जिले में नमो युवा शक्ति कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण का आयोजन शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी के सहयोग एवं समन्वय से महाविद्यालय परिसर के खेल मैदान में दोपहर 12 बजे से किया गया। इसमें स्व-सहायता समूहों की महिलाओं एवं उनके परिवार के युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान खो-खो, कबड्डी एवं रस्सा-कसी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया।

### सांस्कृतिक एवं प्रेरणात्मक गतिविधियों ने बढ़ाया उत्साह


कार्यक्रम के द्वितीय चरण का आयोजन एकता सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र सीधी में दोपहर 3 बजे से किया गया। इस दौरान युवाओं एवं स्वसहायता समूहों की महिलाओं की सहभागिता से विभिन्न सांस्कृतिक एवं प्रेरणात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता एवं प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के सचिव लोकेश जाटव, कलेक्टर विकास मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, एसडीएम गोपदबनास प्रिया पाठक, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत धनंजय मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी के प्रभारी प्राचार्य ओ .पी . नामदेव, क्रीड़ा अधिकारी डॉ . उमेश पाठक सहित मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारी एवं कर्मचारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को मिलेगा प्रोत्साहन

नमो युवा शक्ति कार्यक्रम का उद्देश्य स्वसहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं एवं उनके परिवार के युवाओं को खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। ऐसे आयोजनों से प्रतिभागियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा मिलता है। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं एवं युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने आयोजन को प्रभावी बनाया। खेल मैदान से लेकर सांस्कृतिक मंच तक प्रतिभागियों की सक्रियता और उमंग ने कार्यक्रम में उत्साह का वातावरण बनाया तथा सामुदायिक सहभागिता का सकारात्मक संदेश दिया।

# प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था ठप, लाखों बच्चों का भविष्य चौपट : अजय

**नवभारत न्यूज**



**सीधी 17 सितम्बर। मध्य प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह ने कहा है कि शिक्षकों की भारी कमी, निजी स्कूलों की बेलगाम और महंगी फीस तथा शिक्षा के व्यवसायीकरण के कारण मध्य प्रदेश में नई पीढ़ी का भविष्य चौपट हो गया है।**

उन्होंने कहा कि जो हालात विंध्य और बुंदेलखंड अंचलों के हैं कमोबेश वैसे ही बदतर हालात पूरे प्रदेश में बने हुए हैं। यही हाल उच्च शिक्षा का है। विश्वविद्यालयों में आरएसएस के कुलपति बैठा दिए गये हैं। हमारे नेता राहुल गांधी इन्हीं मुद्दों को देश में छात्रों की गूंज के माध्यम से उठा रहे हैं वे छात्रों से उनकी समस्याओं को लेकर बात कर रहे हैं और उनसे पूछ रहे हैं कि देश को लेकर उनकी क्या उम्मीदें हैं। यह सब ऐसे समय हो रहा है जब सरकार छात्रों से न तो बात करती है और न ही उनकी सुनती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राहुल गांधी के प्रयासों के दूरगामी परिणाम निकलेंगे। श्री सिंह ने चेताया कि आज की नई पीढ़ी यानी जेन जी और जेन अल्फा शिक्षा की इस बदहाली को मूकदर्शक बनकर नहीं देख सकती। उनके द्वारा किये जा रहे आंदोलन सरकार के लिए एक चेतावनी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव सीएम राइज स्कूल के विज्ञापनों और ब्रांडिंग से बाहर निकलें और प्रदेश के हर गरीब बच्चे को शिक्षा की गारंटी दें। रीवा, सीधी, सतना और शहडोल के आदिवासी क्षेत्रों में स्कूल बंद होने से विद्यार्थियों को कई किलोमीटर पैदल सफर करना पड़ रहा है इससे बच्चियों का ड्रॉप-आउट रेट लगातार बढ़ रहा है।

# सांसद डॉ .राजेश मिश्रा ने सेवा संकल्प अभियान में लिया हिस्सा

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 17 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आज सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र विकासखंड सीधी में एकता संकुल स्तरीय संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सांसद डॉ.राजेश मिश्रा शामिल हुए।**

कार्यक्रम के दौरान सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन, उनके सेवा और समर्पण के भाव तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्प को स्मरण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में आजीविका मिशन से जुड़ी समूह की बहनों द्वारा विभिन्न खेल



प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.देवेंद्र त्रिपाठी, विक्रम सिंह, प्रमोद द्विवेदी, अनीश मिश्रा, राज कुमार सिंह परिहार, मनोज सिंह परिहार, अतिरिक्त सीईओ धनंजय मिश्रा सहित आजीविका मिशन से जुड़ी समूह की बहनें एवं अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे।

# चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर मझौली में कल

**सीधी 17 सितम्बर।** सर्व शिक्षा अभियान एवं राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार दिव्यांग छात्रों के चिकित्सीय मूल्यांकन एवं सहायक उपकरण हेतु चिन्हांकन के लिए 19 सितम्बर को मझौली में चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में एलिम्को टीम जबलपुर द्वारा दिव्यांग छात्रों का परीक्षण किया जाएगा। शिविर में कक्षा 1 से 8वीं तक अध्ययनरत दिव्यांग छात्रों का चिकित्सीय मूल्यांकन किया जाएगा। इसमें श्रवण एवं मूकबधिर, दृष्टिबाधित, अस्थिबाधित, मानसिक मंदता तथा बहुविकलांग छात्रों का परीक्षण शामिल है।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस पर भाजपा ने आयोजित किए विविध कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 17 सितम्बर। भारत को नई दिशा, नई ऊर्जा और नई पहचान देने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस की बधाई एवं अनंत शुभकामनाओं के साथ यशस्वी और दीर्घायु के लिए विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना, परिसर की सामूहिक स्वच्छता, अस्पताल में मरीजों को फलों का वितरण एवं रक्तदान सहित अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हुये।**

जिले से लेकर बूथ केन्द्र तक भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अगुवाई एवं लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक,




धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक एवं चुरहट के पूर्व विधायक शरदेन्दु तिवारी की विशिष्ट उपस्थिति में हर्षोल्लास, भव्यता के साथ एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेज़ी से अग्रसर होने के कारण भाजपा 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक विकसित भारत संकल्प अभियान का कार्यक्रम अखिल भारतीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक आयोजित कर रही है। इसी तारतम्य में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर सैकड़ो स्थानो पर शानदार और जनकल्याण कारी कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता, अजय वर्मा सहित दर्जनों पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में रक्तदान किया। विभिन्न कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्रशरण सिंह चौहान, केके तिवारी, डॉ.देवेन्द्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अशोक पटेल, विश्वबंधु धर द्विवेदी, उषा गोपाल पटेल, शिवदान साकेत, मनीला सिंह चौहान सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होकर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं मंगल जीवन की कामना की।

# निर्माण कार्यों के शिल्पी माने जाते हैं भगवान विश्वकर्मा : केदारनाथ

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 17 सितम्बर। सभी निर्माण कार्यों के शिल्पी आदिकाल से भगवान विश्वकर्मा को माना जाता है। वर्तमान में भले ही विभिन्न कार्यों के अलग-अलग शिल्पकार हो गए हों लेकिन सभी भगवान विश्वकर्मा की कला के ही देन हैं।**

यह बातें श्रीगणेश जन कल्याण समिति सीधी द्वारा स्थानीय मानस भवन में आयोजित भगवान विश्वकर्मा जयंती कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए पूर्व विधायक केदारनाथ शुक्ला ने कही। श्री शुक्ल ने कहा कि वर्तमान में हम जितने भी निर्माण कार्य देखते हैं वह सभी शिल्पकला



से ही संबंधित हैं। इसी वजह से सभी निर्माण कार्यों से जुड़े लोग भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर पूरी श्रद्धा एवं आस्था के साथ पूजा-अर्चना करते हैं। इससे पूर्व भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आज दोपहर शहर में भव्य रथयात्रा निकाली गई। यह रथयात्रा दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित हुई। रथयात्रा अमर प्रेम पैलेस डैनिहा सीधी से प्रारंभ होकर सम्राट चौराहा, कोतवाली रोड़ अमहा चौराहा, लालता चौराहा एवं अस्पताल चौराहा होते हुए पुनः अमर प्रेम पैलेस डैनिहा में समाप्त हुई। स्थानीय मानस भवन में भव्य एवं दिव्य रूप से भगवान विश्वकर्मा पूजन समारोह का आयोजन किया गया। रथयात्रा के सफल आयोजन जिलाध्यक्ष गणेश साहू, संजय शुक्ला, बालेन्द्र मिश्रा, रमेश साहू कोटहा, रामप्रसाद साहू, महेश साहू, दिलीप साहू, संतोष साहू, दिनेश साहू, राकेश साहू, संगम साहू, चित्रभान साहू, नीलेश गोस्वामी, रामलखन विश्वकर्मा, अमर, छोटू साहू, अंजनी साहू, राजभान साहू, पंकज जायसवाल, कमलेश साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की भूमिका रही।

# संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाएं कार्यकर्ता : ज्ञान

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 17 सितम्बर। नगर कांग्रेस कमेटी रामपुर नैकिन एवं चुरहट की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई।**

बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने सहित विभिन्न जनहित से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद करते हुए संगठन को निरंतर सक्रिय और मजबूत बनाने



के लिए उनके सुझाव एवं विचार सुने। ज्ञान सिंह ने कहा कि कांग्रेस संगठन की वास्तविक ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकजुटता, मेहनत और समर्पण से ही संभव है। बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाकर आम जनता से निरंतर संवाद स्थापित करना जरूरी है। जनहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने के साथ जनता की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करना हमारी प्राथमिकता है। सभी साथी आपसी समन्वय और उत्साह के साथ संगठन को नई मजबूती देने का संकल्प लें।

बैठक में ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, कमलेश्वर सिंह, रतीभान पटेल, रामभिलाष पटेल, प्रदीप द्विवेदी, वीरेंद्र विश्वकर्मा, सुखनंदन सोनी, कुलदीप सिंह, डॉ.महेन्द्र तिवारी, वरुण गुप्ता, अतुल गुप्ता, शकुंतला गौतम, विजय गुप्ता, रामलखन कुशवाहा, यज्ञलाल कोल, अफजल खान, अहमद रजा, वीरेश कुशवाहा, शिवमंगल पटेल, रमाकांत पाण्डेय, रामपाल सिंह, चन्द्रमणि पाण्डेय, रामसुमिरन सेन, दिनेश बंसल सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### शिक्षिका अजिता द्विवेदी को विश्व हिंदू महासंघ ने किया सम्मानित



LL विश्व हिन्दू महासंघ सीधी के तत्वाधान में प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन कीर्तन एवं आरती किया जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को शाम साढ़े 8 बजे से गोपाल दास मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ किया गया। तत्पश्चात राज्यपाल से वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती अजिता द्विवेदी को नवाचार ढंग से बच्चों को पढ़ाने की वजह से पुरस्कृत किए जाने के कारण उनके निजी आवास कोटहा सीधी में भी विश्व हिन्दू महासंघ सीधी के संरक्षक एवं नगरपालिका सीधी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह चौहान, विनय सिंह, संतोष सिंह, अजय सिंह, जितेंद्र चंदेल, रविकर सिंह बघेल, नरेश सिंह के साथ सभी भक्तों ने भी पुष्प वर्षा कर सम्मानित कर उन्हें हमेशा खुश रहने, स्वस्थ रहने एवं हमेशा मानव जीवन की सेवा तथा भगवान की सेवा में भजन कीर्तन में लगे रहने की कामना करते हुए भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती विधि विधान पूर्वक किया गया।

### मझौली महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ



मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में प्राचार्य डॉ .गीता भारती के नेतृत्व में सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ सफाई एवं श्रमदान के साथ किया गया। अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं महाविद्यालयीन स्टाफ ने सामूहिक रूप से श्रमदान करते हुए विभिन्न स्थानों की साफ-सफाई की। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर स्वच्छ परिसर बनाए रखने और अपने आसपास स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया।

### छात्रों की युवा प्रबोधिनी साप्ताहिक ई-पत्रिका का संचालन

LL देश के प्रमुख विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों, शिक्षाविदों, लेखकों, अधिवक्ताओं और लोक सेवकों के मार्गदर्शन में एक नई वैचारिक क्रांति की शुरुआत हुई है। समाज में चिंतन, विमर्श, सृजन और संवाद को बढ़ावा देने के लिए युवा प्रबोधिनी साप्ताहिक ई-पत्रिका का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। संपादक अमरदीप आदर्श ने बताया कि यह डिजिटल पत्रिका पूरी तरह से गैर-व्यावसायिक और निःशुल्क है। इसे शोध छात्रों, परास्नातक व स्नातक के छात्र छात्राओं, युवा लेखकों और आम नागरिकों के सक्रिय सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

# वित्त विभाग के सचिव लोकेश जाटव ने कोषालय एवं पेंशन कार्यालय का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 17 सितम्बर। मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के सचिव लोकेश जाटव ने जिला कोषालय कार्यालय सीधी एवं पेंशन कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयीन व्यवस्थाओं, अभिलेखों के संधारण तथा वित्तीय एवं पेंशन संबंधी कार्यों की विस्तार से जानकारी ली।**

सचिव लोकेश जाटव ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विभिन्न कार्यों की प्रक्रिया और



उनके निष्पादन की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कार्यालय में उपलब्ध अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए रिकॉर्ड को व्यवस्थित एवं अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वित्तीय एवं पेंशन से संबंधित कार्यों का समयबद्ध और व्यवस्थित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए ताकि संबंधित कर्मचारियों, पेंशनरों एवं हितग्राहियों को अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने कार्यालय में उपलब्ध संसाधनों का सुचारू उपयोग करने तथा कार्यों में दक्षता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयीन कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। साथ ही अधिकारियों को शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप वित्तीय एवं पेंशन संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

# दीपक जलाकर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**नवभारत न्यूज**

**मझौली 17 सितम्बर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को जनपद पंचायत क्षेत्र मझौली में एसडीएम आकाश अग्रवाल के नेतृत्व में सभी कार्यालयों एवं पंचायतों में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ दीपक जलाकर मनाया गया।**

देशभर में चल रहे आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के घरों एवं सार्वजनिक स्थानों पर दीपक जलाकर प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सेवा और जनसरोकार से जोड़ते हुए स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सफाई अभियान भी चलाया गया। लोगों ने सार्वजनिक स्थलों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर कचरा एवं गंदगी हटाई तथा लोगों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों में उत्साह दिखाई दिया।

# सेवा संकल्प अभियान : जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुसमी में रक्तदान शिविर आयोजित

## जिला चिकित्सालय सीधी के ब्लड बैंक में कुल 21 यूनिट एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुसमी में 27 यूनिट रक्त संग्रहित

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 17 सितम्बर। शासन के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत 17 सितम्बर 2026 को जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में जिला चिकित्सालय सीधी के ब्लड बैंक तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुसमी में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर के माध्यम से जिले में कुल 48 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।**

जिला चिकित्सालय सीधी में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ सांसद डॉ.राजेश मिश्रा एवं विधायक रीती पाठक, देव कुमार सिंह चौहान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर अतिथियों ने रक्तदान को मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए कहा कि एक बूंद खून, किसी की जिंदगी की उम्मीद... रक्तदान महादान है। सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि रक्त की आवश्यकता किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है। दुर्घटना, प्रसव, गंभीर बीमारी अथवा आपातकालीन स्थिति में समय पर उपलब्ध रक्त किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं सक्षम नागरिकों को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। विधायक रीती पाठक ने कहा कि रक्तदान ऐसा पुण्य कार्य है जिसका लाभ सीधे किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन से जुड़ता है। रक्तदान करने वाले व्यक्ति को यह भी पता नहीं होता कि उसके द्वारा दिया गया रक्त किस जरूरतमंद




के जीवन में नई उम्मीद लेकर आएगा। उन्होंने पुलिस जवानों, स्वास्थ्य कर्मियों, औद्योगिक संस्थानों के कर्मचारियों एवं आम नागरिकों द्वारा उत्साहपूर्वक किए गए रक्तदान की सराहना की और अधिक से अधिक लोगों से इस मानवीय अभियान में सहभागी बनने का आह्वान किया। शिविर में पुलिस जवानों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। जिला चिकित्सालय सीधी के ब्लड बैंक में कुल 21 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। इसमें पुलिस प्रशासन के 8 जवानों, अल्ट्राटेक बघवार के 5 कर्मचारियों तथा आम नागरिकों द्वारा 8 यूनिट रक्तदान किया गया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुसमी में 27 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस प्रकार दोनों स्थानों पर कुल 48 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार खरे ने बताया कि जिले में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने रक्तदाताओं, पुलिस प्रशासन, अल्ट्राटेक प्रबंधन एवं मीडिया प्रतिनिधियों सहित सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जिला प्रभारी सचिव ने किया निरीक्षण

सेवा संकल्प अभियान के राज्य स्तरीय जिला प्रभारी एवं मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के सचिव लोकेश जाटव ने जिला चिकित्सालय में आयोजित रक्तदान शिविर का निरीक्षण किया। कलेक्टर विकास मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौम्या आनंद, एसडीएम प्रिया पाठक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ .अशोक कुमार खरे, सिविल सर्जन डॉ .दीपा रानी इसरानी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदान प्रक्रिया एवं ब्लड बैंक की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों से रक्त संग्रहण एवं उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों तथा ऊपरी तल पर निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्माण कार्य एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।